
# जी०बी० पन्त,
# उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान, नैनीताल



# वार्षिक प्रतिवेदन
# 2022-2023

# अनुक्रमणिका


| क्र0सं0 | विवरण | पेज सं0 |
| --- | --- | --- |
| 1- | आमुख | 01 |
| 2- | प्रस्तावना | 02 |
| 3- | एक नजर / Vision | 02 |
| 4- | विशेष कार्य / Mission | 02 |
| 5- | उद्देश्य / Objective | 02 |
| 6- | प्राणी उद्यान का विवरण | 03 |
| 7- | संगठनात्मक चार्ट | 05 |
| 8- | मानव संसाधन | 06 |
| 9- | प्राणी उद्यान प्रबन्ध / सलाहाकर समिति | 06 |
| 10- | वन्य प्राणी स्वास्थ्य सलाहाकार समिति | 07 |
| 11- | वन्य प्राणियों की अंगीकरण योजना | 08 |
| 12- | लेखा अनुभाग | 10 |
| 13- | वन्य प्राणियों के प्रतिदिन दिये जाने वाले आहार का विवरण | 13 |
| 14- | टीकाकरण एवं स्वास्थ्य रक्षा | 15 |
| 15- | वन्य प्राणियों की कृमिनाशक दवापान सूची | 15 |
| 16- | कीटाणुशोधन अनूसूची | 16 |
| 17- | जूनोटिक बीमारी के लिए कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच | 16 |
| 18- | बाड़ों का समृद्धिकरण | 17 |
| 19- | शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान | 18 |
| 20- | विशेष एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रम | 24 |
| 21- | वन्य प्राणियों के रखरखाव के लिए ऋतुवार विशेष व्यवस्था | 29 |
| 22- | शोध कार्य | 29 |
| 23- | संरक्षण एवं प्रजनन कार्यक्रम | 30 |
| 24- | वन्य प्राणियों का विनिमयीकरण | 31 |
| 25- | बचाव एवं पुर्नवास | 31 |
| 26- | वन्य प्राणी वार्षिक उपलब्धता सूची | 31 |
| 28- | वन्य प्राणियों की मृत्यु दर | 33 |
| 29- | मुक्त वन्य प्राणियों की सूची | 33 |

# आमुख



जी0बी0 पन्त, उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान, नैनीताल के वर्ष 2022-23 के वार्षिक प्रतिवेदन को प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यधिक हर्ष हो रहा है। सरोवर नगरी नैनीताल के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में से एक नैनीताल प्राणी उद्यान का प्रमुख उद्देश्य संकटग्रस्त वन्य जीवों का संरक्षण, वन्य जीवों के बारे में जागरूकता फैलाने और उनके संरक्षण की जरूरतों, संरक्षण के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु अनुसंधान एवं आगन्तुकों को आनन्दमय एवं रोमांचक अनुभव प्रदान करना है। तल्लीताल स्थित अपर डांडा पहाड़ी पर लगभग 4.592 हेक्टेयर में फैला हुआ नैनीताल प्राणी उद्यान पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केन्द्र है। बांज प्रजाति के सदाबहार जंगलों से घिरा हुआ यह उद्यान उच्च हिमालयी वन्य जीवों के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। वर्तमान में, नैनीताल प्राणी उद्यान में 14 स्तनधारी, 18 फीजैन्ट एवं अन्य पक्षियों की प्रजातियां हैं, जो आगन्तुकों के आकर्षण का मुख्य केन्द्र हैं। वर्ष 2022-23 में कुल 232918 पर्यटकों ने नैनीताल प्राणी उद्यान का भ्रमण किया।

नैनीताल प्राणी उद्यान पर्यावरण एवं जैव विविधता के संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। वर्ष 2022-23 में छात्रों एवं जनसाधारण में पर्यावरण एवं वन्य जीवन के प्रति स्नेह तथा जागरूकता उत्पन्न करने हेतु पर्यावरण दिवस, ओजोन परत संरक्षण दिवस एवं वन्य प्राणी सप्ताह के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त नैनीताल प्राणी उद्यान वन्य जीवों के बचाव कार्य में सराहनीय कार्य कर रहा है। वर्ष 2022-23 में विभिन्न स्थानों से अनेक वन्य जीवों का बचाव एवं पुर्नवास किया गया। वन्य जीव अंगीकरण योजना के अर्न्तगत इस वर्ष कुल 26 व्यक्तियों/संस्थाओं ने प्राणी उद्यान के वन्य प्राणियों को अंगीकृत किया। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्राणी उद्यान के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने प्रतिभाग कर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त नैनीताल प्राणी उद्यान में शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में भी सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

वर्ष 2022-23 के वार्षिक प्रतिवेदन का प्रकाशन नैनीताल प्राणी उद्यान के विभिन्न क्रिया–कलापों की जानकारी हेतु किया जा रहा है। इसके लिए मैं सम्पूर्ण प्राणी उद्यान प्रबन्धन दल को हार्दिक बधाई देता हूँ और नैनीताल प्राणी उद्यान के समग्र विकास हेतु उनके सहयोग की कामना करता हूँ।

**चन्द्रशेखर जोशी,** भा0व0से0
निदेशक
जी0बी0 पन्त,
उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान,
नैनीताल

## प्रस्तावना

प्राकृतिक सौन्दर्य एवं बहुमूल्य विरासत युक्त उत्तराखण्ड के लगभग 71 प्रतिशत भू–भाग पर वन स्थित हैं। जैव विविधता की दृष्टि से अत्यन्त समृद्ध, इस प्रदेश में बर्फीले पहाड़ों से लेकर अल्पाइन के घास के मैदान एवं तराई के घने वनों में उपलब्ध विविध प्रकार की वनस्पतियां एवं पशु पक्षियों की विविधता अद्वितीय हैं। उत्तराखण्ड में 18 प्रतिशत भू–भाग पर वन्यजीवों तथा उनके वास स्थलों के रूप राष्ट्रीय पार्क, वन्यजीव अभ्यारण्य तथा बायोस्फियर रिजर्व संरक्षित क्षेत्र बनाये गये है। मोनाल तथा कस्तूरा मृग उत्तराखण्ड के प्रतीक चिन्हों में से है। पर्वतीय क्षेत्रों की जैव विविधता एवं यहां में पाए जाने वाले वन्य प्राणियों के संरक्षण के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 1980 में नैनीताल में उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान की स्थापना हेतु शासनादेश जारी किया गया। इस प्रकार जी0बी0 पन्त, उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान का निर्माण कार्य वर्ष 1984 से प्रारम्भ किया गया।

अर्न्तराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र में नैनीताल का प्रमुख स्थान है। वर्तमान में नैनीताल प्राणी उद्यान शिक्षा, शोध एवं पर्यटन स्थल के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। उत्तराखण्ड के इस प्राणी उद्यान का शुभारम्भ दिनांक 01 जून, 1995 को किया गया। तब से वर्तमान तक नैनीताल प्राणी उद्यान उत्तराखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में पाए जाने वाले असहाय एवं घायल वन्य प्राणियों एवं मानव भक्षी/पशु भक्षी गुलदार तथा बाघ को आवश्यक उपचार देने के उपरान्त पुनर्वासित करने में प्रमुख भूमिका निभा रहा है। दिनांक 01 मार्च, 2002 को प्राणी उद्यान के प्रबन्ध, रखरखाव तथा आकस्मिक कार्यो के वहन हेतु आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सोसाइटीज एक्ट 1860 तथा उत्तर प्रदेश सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1975 के अनुसार इसका पंजीकरण प्रबन्ध सोसाइटी के रूप में किया गया।

वर्तमान परिवेश में जब कि सम्पूर्ण विश्व में वनों एवं वन्यजीवों के महत्व को मानव सभ्यता हेतु आवश्यक माना जा रहा है। पर्यावरण संतुलन में इस धरती पर मौजूद प्रत्येक प्राणी का अपना महत्व एवं योगदान है। इसके बिना हम सम्पूर्ण सभ्यता की परिकल्पना नहीं कर सकते हैं।

**एक नजर/Vision:–** संरक्षण–संवर्धन, देखभाल, शिक्षा एवं शोध अध्ययन द्वारा वन्यजीवों का परिरक्षण किया जाना।

**ध्येय/Mission:–** वन्यजीवों को सुरक्षित करने हेतु संरक्षित प्रजनन, शिक्षा एवं प्रेरणादायक कार्यों हेतु सचल केन्द्र का निर्माण किया जाना।

### उद्देश्य/Objective:–

1- उच्च स्थलीय वन्यजीवों का सतत संग्रहण करना।
2- विलुप्त प्राय प्राणियों एवं वनस्पतियों का संरक्षण एवं संवर्धन।
3- वन्यजीव पालन में उत्तरोत्तर श्रेष्ठ कार्य करना।
4- कर्मचारियों एवं पर्यटकों की सुविधा एवं समृद्धि सुनिश्चित करना।
5- प्राणी उद्यान स्वयं सेवियों के शिक्षात्मक कार्यक्रमों को आयोजित करवाना।
6- वन्य प्राणियों के बचाव कार्य एवं पुनर्वास के साथ–साथ उनके उत्तरजीविता को बनाये रखना।

7- प्राणी उद्यान स्थित वन्यजीवों के प्रबन्धन हेतु विभिन्न शोध अध्ययन जानकारियों तथा शिक्षा की आधारभूत व्यवस्था करना।
8- परिस्थितिक पर्यटन को प्रोत्साहन एवं स्थानीय जन को आजीविका का मौका देना।
9- उच्च स्तरीय स्वच्छता तथा जन–जागरूकता को बनाये रखना।

## सिद्धान्त / Principle:–


1- संरक्षण
2- देख–रेख
3- स्वच्छता
4- संरक्षित प्रजनन
5- सुविधा

## प्राणी उद्यान का विवरण:–

| क्र0 सं0 | विवरण | | सूचना / जानकारी | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राणी उद्यान का नाम | – | जी0बी0 पन्त, उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान, नैनीताल | |
| 2. | स्थापना वर्ष | – | 01 जून 1995 | |
| 3. | पता | – | अपर डांडा, तल्लीताल, नैनीताल:– 263002 | |
| 4. | राज्य | – | उत्तराखण्ड | |
| 5. | फोन नं0 | – | 05942-237927, 9410777683 | |
| 6. | फैक्स नं0 | – | – | |
| 7. | ई–मेल | – | naintailzoouk@gmail.com | |
| 8. | बेबसाईट | – | www.nainitalzoo.org.in | |
| 9. | दूरी | – | वायु मार्ग द्वारा:– निकटतम हवाई अड्डा पन्तनगर से 65 किमी0 सड़क मार्ग द्वारा नैनीताल तक। | |
| | | | रेल मार्ग द्वारा:– काठगोदाम रेलवे स्टेशन से 40 किमी0 सड़क मार्ग द्वारा नैनीताल तक। | |
| | | | तल्लीताल बस स्टैण्ड से दूरी:– 02 किमी0 | |
| 10. | वैधता | – | 28 जुलाई, 2024 | |
| 11. | वर्ग | – | Small Zoo | |
| 12. | क्षेत्रफल विवरण | – | 4.592 हेक्टेयर | |
| 13. | प्रवेश शुल्क | – | वयस्क (12 वर्ष से अधिक) | रू0 100.00 |
| | | | बच्चे (05 वर्ष से 12 वर्ष) | निःशुल्क |
| | | | वयस्क (विदेशी) | रू0 200.00 |
| | | | बच्चे (विदेशी) | निःशुल्क |
| | | | वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं 05 वर्ष से कम आयु के | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | बच्चे हेतु प्राणी उद्यान में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। |
| 14. | पर्यटको की सं0 | – | **वयस्क** :– 228773 |
| | | | **बच्चे** :– 4063 |
| | | | **कुल भारतीय** :– 232836 |
| | | | **विदेशी वयस्क** :– 76 |
| | | | **विदेशी बच्चे** :– 06 |
| | | | **कुल विदेशी** :– 82 |
| | | | **कुल पर्यटकों की सं0** :– 232918 |
| 15. | पर्यटकों हेतु सार्वजनिक सुविधाऐं | – | • सोवेनियर शॉप<br>• यात्री सामान घर (प्रवेश द्वार के पास)<br>• दिशा निर्देश नक्शा<br>• जलपान गृह<br>• प्राथमिक उपचार<br>• विश्राम स्थल<br>• शुद्ध जल हेतु R.O. सिस्टम<br>• स्वच्छ एवं सुगम शौचालय<br>• कूड़ेदान |
| 16. | साप्ताहिक अवकाश | – | वृहस्पतिवार |
| 17. | अन्य अवकाश | – | होली, दीपावली, स्वतन्त्रता दिवस, गणतन्त्र दिवस |
| | **प्राणी उद्यान प्रबन्धन अधिकारी/कर्मचारी** | | |
| 18. | निदेशक | – | श्री चन्द्रशेखर जोशी |
| | उप निदेशक | – | श्री हेम चन्द्र गहतोडी |
| | वरिष्ठ पशुचिकित्साधिकारी | – | डॉ0 हिमांशु पांगती |
| | वन क्षेत्राधिकारी | – | श्री अजय सिंह रावत |
| | फार्मासिस्ट | – | श्री विक्रम सिंह मेहरा |
| | बायोलॉजिस्ट | – | श्री अनुज काण्डपाल |
| | सिस्टम एनालिस्ट | – | श्री आनन्द सिंह |
| | कम्प्यूटर ऑपरेटर | – | श्री रमेश सिंह |
| | **स्वामित्व/संचालक** | | |
| 19. | संचालक का नाम | – | निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल |
| 20. | पता | – | अपर डांडा, तल्लीताल, नैनीताल – 263002 |
| 21. | फोन नं0 | – | 05942-237927, 9410777683 |
| 22. | ई–मेल | – | naintailzoouk@gmail.com |

**प्राणी उद्यान का संगठनात्मक चार्टः–**



## मानव संसाधनः–

प्राणी उद्यान में वन्यजीवों के रखरखाव, व्यवस्था, प्रबन्धन एवं अनुरक्षण कार्यो हेतु वित्तीय वर्ष 2022-2023 में निम्नानुसार स्टाफ तैनात हैः–

| क्र0सं0 | पदनाम | संख्या | पदस्थ अधिकारी |
|---|---|---|---|
| 1- | निदेशक | 01 | श्री चन्द्रशेखर जोशी |
| 2- | उप निदेशक | 01 | श्री हेम चन्द्र गहतोड़ी |
| 3- | वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी | 01 | डॉ0 हिमांशु पांगती |
| 4- | वन क्षेत्राधिकारी | 01 | श्री अजय सिंह रावत |
| 5- | उप वन क्षेत्राधिकारी | 01 | श्री धरम सिंह बोनाल |
| 6- | वन दरोगा | 05 | श्री महेश बोरा, श्री पुष्कर सिंह मेहरा, श्री खजान चन्द्र मिश्रा, श्री राजेन्द्र कुमार जोशी |
| 7- | वन रक्षक | 00 | – |
| 8- | अर्दली | 01 | श्रीमती विमला बिष्ट |
| 9- | बायोलॉजिस्ट | 01 | श्री अनुज काण्डपाल |
| 10- | सिस्टम एनालिस्ट | 01 | श्री आनन्द सिंह |
| 11- | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 01 | श्री रमेश सिंह |
| 12- | फार्मासिस्ट | 01 | श्री विक्रम सिंह मेहरा |
| 13- | कीपर | 12 | – |
| 14- | रसोइया | 01 | श्री शिव बहादुर |
| 15- | भोजन वितरक | 01 | श्री टस बहादुर |
| 16- | वाहन चालक | 02 | श्री सूरज नयाल, श्री कमल पलड़िया |
| 17- | सुरक्षा कर्मी एवं श्रमिक | 12 | – |
| **कुल** | | **43** | |

## प्राणी उद्यान प्रबन्धनः–

दिनांक 01 मार्च 2002 को प्राणी उद्यान के प्रबन्ध, रखरखाव तथा आकस्मिक कार्यों के वहन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 तथा उ0प्र0 सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1975 के अनुसार इसका पंजीकरण प्रबन्ध सोसाइटी के रूप में किया गया।

जी0बी0 पन्त, उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान के कुशल संचालन एवं आय के विभिन्न श्रोतों के सृजन तथा विभिन्न व्ययों हेतु जी0बी0 पन्त, उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान प्रबन्ध समिति का गठन किया गया।

## प्रबन्ध समितिः–

शासनादेश संख्या–3500/1-व.ग्रा.वि-/2001-8(75)/2001 दिनांक 04.12.2001 के अनुसार नैनीताल प्राणी उद्यान का नाम भारत रत्न पं0 जी0बी0 पन्त, हाई एल्टिट्यूड जू मैनेजमैन्ट सोसाइटी, नैनीताल "Bharat Ratna Pt. G. B. Pant, High Altitude Zoo Management Society

Nainital" था, एवं वर्तमान में उत्तराखण्ड सरकार के शासनादेश सं0 1484/X-2-2017-8(75)2001, दिनांक 19 सितम्बर, 2017 के द्वारा इस संस्था के नाम के आगे से भारत रत्न शब्द हटा दिया गया हैं। जिस कारण वर्तमान नाम "G. B. Pant, High Altitude Zoo Nainital" कर दिया गया है। इस संस्था की सोसाइटी/समिति का नाम जी0बी0 पन्त उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान एवं जैव विविधता संरक्षण एवं प्रबन्धन समिति, नैनीताल "G.B. Pant, High Altitude Biodiversity Conservation & Management Society Nainital" है। नैनीताल प्राणी उद्यान की प्रबन्ध समिति के निम्नलिखित सदस्य हैं:—

- सचिव वन, उत्तराखण्ड शासन — अध्यक्ष
- मुख्य वन संरक्षक, (कुमाऊँ), उत्तराखण्ड, नैनीताल — उपाध्यक्ष
- मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड, देहरादून — सदस्य
- प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम, देहरादून — सदस्य
- वन संरक्षक, दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, नैनीताल — सदस्य
- निदेशक, जी0बी0 पन्त, उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान प्रबन्ध सोसाइटी, नैनीताल — सदस्य सचिव
- प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल — कोषाध्यक्ष
- जिलाधिकारी, नैनीताल — सदस्य
- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल — सदस्य
- अध्यक्ष, होटल एसोसिएशन, नैनीताल — सदस्य
- मैनेजर, लीड बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, नैनीताल — सदस्य
- अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, नैनीताल — सदस्य
- अपर निदेशक, पशुपालन विभाग — सदस्य

## वन्य प्राणी स्वास्थ्य सलाहकार समिति:—

दिनांक 25.01.2023 को जी0बी0 पन्त, उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान, नैनीताल में उत्तरांचल शासन के शासनादेश सं. 1617/1(2)Va.Gra.VI/2002-8(25)/2001 दिनांक 28.09.2002 के अनुसार वन्य प्राणी स्वास्थ्य सलाहकार समिति की 28वीं बैठक सम्पन्न हुई जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :—

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ0 जे0एल0 सिह | प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, पशु औषधि विज्ञान विभाग, पशु चिकित्सा, पन्तनगर | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ0 एम0 कारीकालन | वैज्ञानिक, वन्य जीव विभाग, आर0वी0आर0आई0 बरेली | सदस्य |
| 3. | डॉ0 पी0एस0 ह्यांकी | उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, नैनीताल | सदस्य |
| 4. | डॉ0 हेमा राठौर | पशु चिकित्साधिकारी, नैनीताल | सदस्य |
| 5. | डॉ0 हिमांशु पांगती | पशु चिकित्साधिकारी ग्रेड—1, प्राणी उद्यान, नैनीताल | सचिव |
| 6. | डॉ0 पराग निगम | वैज्ञानिक, भारतीय वन्य जीव संस्थान, उत्तराखण्ड, देहरादून | सदस्य |

**अन्य उपस्थित प्रतिभागी एवं अधिकारी :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री अजय सिंह रावत | वन क्षेत्राधिकारी, प्राणी उद्यान, नैनीताल |
| 2. | श्री अनुज काण्डपाल | बायोलॉजिस्ट, प्राणी उद्यान नैनीताल |
| 3. | श्री विक्रम सिंह मेहरा | फार्मासिस्ट, प्राणी उद्यान, नैनीताल |

## नैनीताल प्राणी उद्यान में वन्य प्राणियों की अंगीकरण योजनाः–

जनमानस में वन्य प्राणियों के प्रति लगाव, प्रेम एवं जागरूकता उत्पन्न करने हेतु प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा वन्य प्राणियों के अंगीकरण की योजना प्रारम्भ की गयी है। इस योजना के अर्न्तगत कोई भी व्यक्ति, संस्था या संस्थान प्राणी उद्यान के वन्य प्राणियों को अंगीकृत कर सकता है। अंगीकृत करने वाले व्यक्ति एवं संस्थाओं को आयकर अधिनिमय 80G के अर्न्तगत आयकर में छूट प्राप्त होती है। वर्ष 2022-23 में विभिन्न व्यक्तियों एवं संस्थाओं द्वारा निम्न वन्य प्राणियों को अंगीकृत किया गया है।

| क्र0 सं0 | व्यक्तियों / संस्थाओं का नाम | अंगीकृत किये गये वन्य प्राणी का नाम | धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | सर्वश्री अनुष्का एवं अनन्ता साह C/o अतुल साह | सनकनूर | 3000.00 |
| 2. | सर्वश्री राजेश कुमार जोशी | भारतीय मोर | 4300.00 |
| 3. | सर्वश्री मोनिता साह | चीर फीजैन्ट | 7000.00 |
| 4. | सर्वश्री अतुल साह | रोज रिंग पैराकीट | 2000.00 |
| 5. | सर्वश्री तेज प्रकाश सिंह रावत | इण्डियन हॉग डियर | 13000.00 |
| 6. | सर्वश्री ललित रावत S/o स्व0 के0एस0 रावत | सिल्वर फीजैन्ट | 3600.00 |
| 7. | सर्वश्री सरिता रावत C/o ललित रावत | रैड जंगल फॉउल | 3600.00 |
| 8. | सर्वश्री विदिती साह एवं मैत्रेय साह C/o नीरज साह | सिल्वर फीजैन्ट | 3600.00 |
| 9. | सर्वश्री अक्सा नूर एवं लायबा नूर C/o सलीम | कलीज फीजैन्ट | 3600.00 |
| 10. | सर्वश्री मनोज कुमार साह | गोल्डन फीजैन्ट | 3600.00 |
| 11. | सर्वश्री सुनीता साह | गोल्डन फीजैन्ट | 3600.00 |
| 12. | दि नैनीताल बैंक लिमिटेड | काकड़ | 400000.00 |
| | | हिमालयन काला भालू | |
| | | रेड पाण्डा | |
| | | घुरल | |
| | | इण्डियन हॉग डियर | |
| | | गुलदार | |
| | | तिब्बती भेड़िया | |
| | | चीतल | |
| | | लेडी एमहर्स्ट | |
| | | चीर फीजैन्ट | |
| | | कलीज फीजैन्ट | |
| | | रेड जंगल फाउल | |
| | | रोज रिंग पैराकीट | |
| 13. | डॉ0 हिमांशु सिंह चौहान | रोज रिंग पैराकीट | 2000.00 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 14. | सर्वश्री विमल कुमार साह एवं भारती साह | गोल्डन फीजैन्ट | 3600.00 |
| 15. | मै0 कंसल प्रिन्टर्स | चीर फीजैन्ट | 10800.00 |
| 16. | सर्वश्री अतुल साह, प्रशान्त होटल | भरल | 13000.00 |
| 17. | सर्वश्री आदित्य निगम एवं आयुषी निगम | सिल्वर फीजैन्ट | 3600.00 |
| 18. | सर्वश्री सुनील निगम एवं अल्का निगम | सफेद मोर और सनकनूर | 7300.00 |
| 19. | सर्वश्री डी0सी0 पाण्डे एवं विनीता पाण्डे | भारतीय मोर | 4300.00 |
| 20. | सर्वश्री हिमांशु जैन | लेडी एमहर्स्ट<br>रोज रिंग पैराकीट<br>लव बर्ड<br>बजरीगर | 15600.00 |
| 21. | सर्वश्री प्रद्युमन कुमार साह | गोल्डन फीजैन्ट | 7000.00 |
| 22. | मास्टर अक्षत शर्मा C/o अतुल शर्मा | लेडी एमहर्स्ट | 7000.00 |
| 23. | डॉ0 अनीता मिश्रा | भरल | 13000.00 |
| 24. | डॉ0 पुर्नोदय मिश्रा | भरल | 13000.00 |
| 25. | सर्वश्री भावना सिंह | रोज रिंग पैराकीट | 2000.00 |
| 26. | डॉ0 भुवन चन्द्र मेलकानी | मोनाल<br>लव बर्ड<br>मारखोर<br>भारतीय मोर<br>रोज रिंग पैराकीट | 115400.00 |
| | **कुल योग** | | **668500.00** |

## नैनीताल प्राणी उद्यान में मनाये जाने वाले राष्ट्रीय पर्व, प्रमुख दिवस एवं सप्ताहः–

- गणतन्त्र दिवस – 26 जनवरी
- विश्व वन्य प्राणी दिवस – 03 मार्च
- विश्व गौरेया दिवस – 20 मार्च
- अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस – 22 मई
- प्राणी उद्यान स्थापना दिवस – 01 जून
- विश्व पर्यावरण दिवस – 05 जून
- अन्तर्राष्ट्रीय टाईगर दिवस – 29 जुलाई
- स्वतन्त्रता दिवस – 15 अगस्त
- अन्तर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस – 16 सितम्बर
- गांधी जयन्ती – 02 अक्टूबर
- वन्य प्राणी सप्ताह – 01 से 07 अक्टूबर

## लेखा अनुभागः–

नैनीताल प्राणी उद्यान में वर्ष 2022-23 में हुई आय एवं व्यय का ऑडिट चार्टेड एकाउण्टेन्ट नैनीताल द्वारा करवाया गया और ऑडिट रिर्पोट की एक प्रति आयकर विभाग को प्रेषित की गयी है। जिसका विवरण निम्न प्रकार हैः–

### नैनीताल प्राणी उद्यान का 31 मार्च 2023 तक का वित्तीय स्थिति विवरणः–

**GB Pant High Altitude Zoo And Biodiversity Conservation And Management Society**
**Upper Danda, Tallital, Nainital-Uttarakhand**
**Balance Sheet as at 31st March 2023**

| Particulars | Note | As at 31.03.2023 | As at 31.03.2022 |
|---|---|---|---|
| **A SOURCES OF FUNDS** | | | |
| **1 Own Funds** | | | |
| (a) Society Fund | 1 | 3,06,37,746.09 | 2,55,32,534.54 |
| (b) Reserve & Surplus | 2 | 1,17,91,316.00 | 99,99,599.00 |
| **2 Government Grants** | | | |
| (c) Deferred Government / Othetr Grants | 3 | 1,68,24,666.00 | 1,68,24,666.00 |
| (d) Unutilized Grants | 4 | 7,66,828.00 | 15,50,197.00 |
| **3 Current Liabilities** | 5 | 1,80,534.54 | 1,60,440.00 |
| **Total-Sources of Funds** | | **6,02,01,090.63** | **5,40,67,436.54** |
| **B APPLICATION OF FUNDS** | | | |
| **1 Fixed Assets** | | | |
| Against Government/Other Grants | 6 | 1,68,24,666.00 | 1,68,24,666.00 |
| Against own funds | 7 | 2,41,80,328.57 | 2,21,57,141.00 |
| **2 Investments** | 8 | 95,15,479.00 | 87,56,655.00 |
| **3 Current Assets, Loans and Advances** | | | |
| (a) Current Assets | | | |
| (i) Inventories | 9 | 8,18,593.00 | 8,01,000.00 |
| (iii) Cash and Bank Balances | 10 | | |
| (A) Balance with banks | | 85,89,526.06 | 47,95,267.54 |
| (B) Cash-in-hand | | 61,340.00 | 2,06,100.00 |
| (b) Loans & Advances | 11 | 2,11,158.00 | 5,26,607.00 |
| **Total-Application of Funds** | | **6,02,01,090.63** | **5,40,67,436.54** |
| Summary of Significant Accounting Policies | 16 | - | - |
| In terms of our report of even date attached | | | |

**For SAURAV SAH & ASSOCIATES**
Chartered Accountants
ICAI Firm Reg. No. 017392C

**For & on Behalf of the Board of Members**

**Saurav Sah**
Proprietor
M.No. 420343
Date: 22/08/2023

**(Secretary)** **(Member)**

Saurav Sah & Associates NAINITAL Chartered Accountants

## नैनीताल प्राणी उद्यान में 31 मार्च 2023 तक हुई आय और व्यय का विवरणः—

**GB Pant High Altitude Zoo And Biodiversity Conservation And Management Society**
**Upper Danda, Tallital, Nainital-Uttarakhand**
**Income and Expenditure Account for the year ended 31st March 2023**

| | Particulars | Note | For the Year Ended 31.03.23 | For the Year Ended 31.03.2022 |
|---|---|---|---|---|
| **A** | **INCOME** | | | |
| 1 | Grant-in-Aid | **12** | 23,34,709.00 | 32,15,608.00 |
| 2 | Fee & Nature Shop Sales | **13** | 3,46,03,243.56 | 1,86,95,994.00 |
| 3 | Interest & Other Income | **14** | 17,62,411.98 | 13,78,884.00 |
| | **Total Income** | | **3,87,00,364.54** | **2,32,90,486.00** |
| **B** | **APPLICATION OF INCOME** | | | |
| 1 | Grant-in-Aid Utilized | **12** | 15,67,881.00 | 16,65,411.00 |
| 2 | Establishment and Administrative Expenses | **15** | 3,12,60,443.99 | 1,82,97,213.46 |
| | **Total Application of Income** | | **3,28,28,324.99** | **1,99,62,624.46** |
| **C** | **Surplus before transferring to Unutilized Grant** | **(A-B)** | **58,72,039.55** | **33,27,861.54** |
| **D** | **Amount Transferred to Unutilized Grant** | **12** | **7,66,828.00** | **15,50,197.00** |
| **E** | **Net Surplus** | **(C-D)** | **51,05,211.55** | **17,77,664.54** |
| Summary of Significant Accounting Policies | | **16** | | |
| In terms of our report of even date attached | | | | |

**For SAURAV SAH & ASSOCIATES**
Chartered Accountants
ICAI Firm Reg. No. 017392C

**For & on Behalf of the Board of Members**

**Saurav Sah**
Proprietor
M.No. 420343
Date: 22/08/2023


**(Secretary)** **(Member)**

Saurav Sah & Associates Chartered Accountants NAINITAL

राजस्वः–

विगत 10 वर्षो में नैनीताल प्राणी उद्यान में आये दर्शकों एवं प्राप्त आय का विवरण निम्न प्रकार हैः–

| वर्ष | कुल योग | |
|---|---|---|
| | पर्यटक | धनराशि |
| **2013-14** | 177160 | 8006420 |
| **2014-15** | 226747 | 10312430 |
| **2015-16** | 278893 | 12757880 |
| **2016-17** | 301290 | 13736220 |
| **2017-18** | 323661 | 15745720 |
| **2018-19** | 262375 | 24118600 |
| **2019-20** | 251692 | 23377750 |
| **2020-21** | 85076 | 8084050 |
| **2021-22** | 136038 | 12880150 |
| **2022-23** | 232918 | 23099050 |




विगत 10 वर्षो में नैनीताल प्राणी उद्यान में आये पर्यटकों का विवरण

## वन्य प्राणियों के प्रतिदिन की आहार सूचीः–

| क्र0 सं0 | वन्य प्राणी | खाद्य सामग्री | मात्रा | | उपवास का दिन |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | ग्रीष्मकाल | शीतकाल | |
| **1.** | Peafowl | मुर्गी दाना, बाजरा, हरा साग, मूंगदाल, धान, सफेद ज्वार | 0.300 ग्रा0 | 0.300 ग्रा0 | – |
| **2.** | White Peafowl | मुर्गी दाना, बाजरा, हरा साग, मूंगदाल, धान, सफेद ज्वार | 0.300 ग्रा0 | 0.300 ग्रा0 | – |
| **3.** | Cheer Pheasant | मुर्गी दाना, बाजरा, हरा साग, टमाटर, प्याज, लौकी, लहसुन, गेहूं, अण्डा | 0.155 ग्रा0 | 0.155 ग्रा0 | – |
| **4.** | Kalij Pheasant | मुर्गी दाना, बाजरा, हरा साग, टमाटर, प्याज, लौकी, लहसुन, गेहूं, अण्डा | 0.155 ग्रा0 | 0.155 ग्रा0 | – |
| **5.** | Monal Pheasant | मुर्गी दाना, बाजरा, हरा साग, टमाटर, प्याज, लौकी, लहसुन, गेहूं, अण्डा | 0.155 ग्रा0 | 0.155 ग्रा0 | – |
| **7.** | Himalayan Black Bear | चावल, गुड़, खीरा, हरा साग, मौसमी फल, भुट्टा, जौ का आटा, चने का आटा, दूध, गाजर | 2.410 कि0ग्रा0 | 2.410 कि0ग्रा0 | – |
| **8.** | Common Palm Civet | भैंसा मांस | 0.250 ग्रा0 | 0.250 ग्रा0 | गुरूवार |
| **9.** | Himalayan Palm Civet | भैंसा मांस | 0.250 ग्रा0 | 0.250 ग्रा0 | गुरूवार |
| **10.** | Leopard (Panther) | भैंसा मांस, मुर्गा, बकरा | 2.500 कि0ग्रा0 | 2.500 कि0ग्रा0 | गुरूवार |
| **11.** | Markhor | चना, चोकर, खली, हरा चारा | 3.300 कि0ग्रा0 | 3.300 कि0ग्रा0 | – |
| **12.** | Red Panda | दूध, केला, सेब, शहद, अण्डा, रिंगाल | 5.050 कि0ग्रा0, एक अण्डा | 5.050 कि0ग्रा0, एक अण्डा | – |
| **13.** | Blue Sheep (Bharal) | चना, चोकर, खली, हरा चारा | 3.300 कि0ग्रा0 | 3.300 कि0ग्रा0 | – |
| **14.** | Bangal Tiger | भैंसा मांस, मुर्गा, बकरा | 7.000 कि0ग्रा0 | 7.000 कि0ग्रा0 | गुरूवार |
| **15.** | Tibetan Wolf | भैंसा मांस, मुर्गा, बकरा | 2.500 कि0ग्रा0 | 2.500 कि0ग्रा0 | गुरूवार |
| **16.** | Red Jungle Fowl | मुर्गी दाना, बाजरा, हरा साग, टमाटर, प्याज, लौकी, लहसुन, गेहूं, अण्डा | 0.155 ग्रा0 | 0.155 ग्रा0 | – |
| **17.** | Black Kite | भैंसा मांस | 0.250 ग्रा0 | 0.250 ग्रा0 | गुरूवार |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **18.** | Rose Ring Parakeet | धान, चना, मौसमी फल, हरी मिर्च, मूंगफली, भुट्टा | 0.110 ग्रा0 | 0.110 ग्रा0 | — |
| **19.** | Hill Partidge | मुर्गी दाना, बाजरा, हरा साग, टमाटर, प्याज, लौकी, लहसुन, गेहूं, अण्डा | 0.155 ग्रा0 | 0.155 ग्रा0 | — |
| **20.** | Edward Pheasant | मुर्गी दाना, बाजरा, हरा साग, टमाटर, प्याज, लौकी, लहसुन, गेहूं, अण्डा | 0.155 ग्रा0 | 0.155 ग्रा0 | — |
| **21.** | Golden Pheasant | मुर्गी दाना, बाजरा, हरा साग, टमाटर, प्याज, लौकी, लहसुन, गेहूं, अण्डा | 0.155 ग्रा0 | 0.155 ग्रा0 | — |
| **22.** | Barking Deer (Kakar) | चना, चोकर, खली, हरा चारा | 3.300 कि0ग्रा0 | 3.300 कि0ग्रा0 | — |
| **23.** | Sambar Deer | चना, चोकर, खली, हरा चारा | 11.100 कि0ग्रा0 | 11.100 कि0ग्रा0 | — |
| **24.** | Spotted Deer (Chital) | चना, चोकर, खली, हरा चारा | 3.300 कि0ग्रा0 | 3.300 कि0ग्रा0 | — |
| **25.** | Goral | चना, चोकर, खली, हरा चारा | 3.300 कि0ग्रा0 | 3.300 कि0ग्रा0 | — |
| **26.** | Cockatail | बाजरा | 0.010 ग्रा0 | 0.010 ग्रा0 | — |
| **27.** | Sun Conure | भुट्टा, फल, गेंहू | 0.035 ग्रा0 | 0.035 ग्रा0 | — |
| **28.** | Love Birds | बाजरा | 0.010 ग्रा0 | 0.010 ग्रा0 | — |
| **29.** | Blue & Yellow Macaw | अखरोट, भुट्टा, कबली चना, फल | 0.150 ग्रा0 | 0.150 ग्रा0 | — |
| **30.** | Lady Amherset Pheasant | मुर्गी दाना, बाजरा, हरा साग, टमाटर, प्याज, लौकी, लहसुन, गेहूं, अण्डा | 0.155 ग्रा0 | 0.155 ग्रा0 | — |
| **31.** | Silver Pheasant | मुर्गी दाना, बाजरा, हरा साग, टमाटर, प्याज, लौकी, लहसुन, गेहूं, अण्डा | 0.155 ग्रा0 | 0.155 ग्रा0 | — |
| **32.** | Budgerigar | बाजरा | 0.010 ग्रा0 | 0.010 ग्रा0 | — |
| **33.** | Indian Hog Deer | चना, चोकर, खली, हरा चारा | 3.300 कि0ग्रा0 | 3.300 कि0ग्रा0 | — |

## टीकाकरण एवं स्वास्थ्य सुरक्षाः—

| S. No. | Species | Disease vaccinated for | Name of the Vaccine and dosage/quantity used | Periodicity | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Feline | Panleucopenia | Biofel PCHR | Annual | |
| | | Herpes virus | Biofel PCHR | Annual | |
| | | Calcivirus | Biofel PCHR | Annual | |
| | | Rabies | Biofel PCHR | Annual | |
| 2. | Small Carnivores | Rabies | Megavac-6, Raksharab | Annual | |
| 3. | Tibetan Wolf | Rabies | Megavac-6, Raksharab | Annual | |
| | | Canine-Distemper | Megavac-6, Raksharab | Annual | |
| | | Canine-ParvoVirus | Megavac-6, Raksharab | Annual | |
| | | Canine-Contagious Hepatitis Virus | Megavac-6, Raksharab | Annual | |
| | | Canine Leptospirosis | Megavac-6, Raksharab | Annual | |
| 4. | Himalayan Black Bear | Rabies | Megavac-6, Raksharab | Annual | |
| 5. | Harbivores | Foot and mouth Disease | Triovac vaccine (FMD) | Annual | |
| 6. | Pheasant and Birds | RD, FP | No vaccination used | - | Advice awaited |

## वन्य प्राणियों की कृमिनाशक दवापान सूचीः—

| S. No. | Species | Drug used | Month |
|---|---|---|---|
| 1. | Carnivores | Panacur/ Abide Plus/ Eazypet/ Albomar/ Praziplus/Ivermectin | Thrice in a year |
| 2. | Omnivores | Panacur/ Abide Plus/ Eazypet/ Albomar/ Praziplus/Ivermectin | Thrice in a year |
| 3. | Harbivores | Panacur/ Abide Plus/ Eazypet/ Albomar/ Praziplus/ Nilzan/ Fasinex/Ivermectin | Thrice in a year |
| 4. | Pheasant and Birds | Albomar/ Piperazine/ Neomac/Ivermectin | Twice in a year |

## कीटाणुशोधन अनुसूचीः–

| S. No. | Species | Type of enclosure | Disinfectant used and method | Frequency of disinfection |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Carnivores | Night Shelter | Lizol Solution/ Virkon-S | Daily/ Weekly |
| | | Drain Pipe etc. | Phinyl Solution/ Virkon-S | Daily/ Weekly |
| | | | | |
| 2. | Omnivores | Night Shelter | Lizol Solution/ Virkon-S | Daily/ Weekly |
| | | Drain Pipe etc. | Phinyl Solution/ Virkon-S | Daily/ Weekly |
| 3. | Harbivores | Night Shelter | Lizol Solution/ Virkon-S | Daily/ Weekly |
| 4. | Pheasant and Birds | Display Enclosure (Mud floor) | Lime dust/ Virkon-S | Bi-annual/ Weekly |
| | | | Diluted Formaline Spray/ Virkon-S | Annual/ Weekly |
| | | Door Step | Lime/Potassium Permangnate Solution/ Virkon-S | Daily/ Weekly |
| | | Incubator/ Brooding House | Fumigation with formaline + P.P./ Virkon-S | As required seasonally/ Weekly |
| **Note**: - Drinking Water and tubs of all species are treated with Bleeching powder to reduced the load of various worms/ parasites. | | | | |

## जूनोटिक बीमारी के लिए कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांचः–

| S. No. | Name | Designation | Date of Health check up | Findings of Health checkup |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Dr. Himanshu Pangti | Veterinarian | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 2. | Mr. Vikram Singh Mehra | Pharmacist | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 3. | Mr. Bharat Mashiwal | Pharmacist (Rescue Center) | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 4. | Mr. Anuj Kandpal | Biologist | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 5. | Mr. Puskar Singh Mehra | (Forester) Supervisor | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 6. | Mr. Rajendra Kumar Joshi | (Forester) Supervisor | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 7. | Mr. Mahesh Singh Bora | (Forester) Supervisor | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 8. | Mr. Shiv Bahadur | Cook | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 9. | Mr. Tus Bahadur | Food Distributor | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 10. | Mr. Amar Bahadur | Keeper | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11. | Mr. Naveen Manral | Keeper | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 12. | Mr. Ajay Shri | Keeper | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 13. | Mr. Pratap Ram | Keeper | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 14. | Mr. Yogesh Kumar | Keeper | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 15. | Mr. Sandeep Kumar | Keeper | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 16. | Mr. Prakash Singh Rawat | Keeper | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 17. | Mr. Govind Singh | Keeper | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 18. | Mr. Kripal Singh | Keeper | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 19. | Mr. Manish Bisht | Keeper | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 20. | Mr. Kamal Bisht | Keeper | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 21. | Mr. Dinesh Kumar | Keeper | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 22. | Mr. Vikky Shah | Keeper | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |

## बाड़ों का समृद्धीकरण (Enrichment) कार्यक्रमः—

- प्राणी उद्यान में स्थित बंगाल टाईगर के बाड़े में समृद्धीकरण कार्यो को सम्पन्न किया गया। जिसके अर्न्तगत बाडों में वुडन लॉग, मचान एवं भव्य आकृति के पत्थरों को डाला गया।
- प्राणी उद्यान में स्थित लैपर्ड के बाड़े में समृद्धीकरण अर्न्तगत बाडों में वुडन लॉग, मचान, खेलने हेतु झूले आदि का निर्माण किया गया।
- हिमालयन काला भालू के बाड़ें में समृद्धीकरण अर्न्तगत बाड़े में मचान एवं खेलने हेतु ड्रम लगवाया गया।
- रेड पाण्डा के सफल प्रजजन में वृद्धि अनुसार समृद्धीकरण की दृष्टि से नवनिर्मित बाडें में नेस्ट हाउस, मचान, पर्च, सीढ़ीनुमा पाथ एवं एरियल पाथ का निर्माण एवं बांस प्रजाति के रिंगाल का रोपण किया गया।
- प्राणी उद्यान में विद्यमान जुगाली करने वाले वन्य प्राणियों जैसे— ब्लू शीप, मारखोर, काकड़, घुरल, सांभर आदि के लिए दिये जाने वाले खाद्य जैसे घास को वृक्षों की टहनियों एवं कृत्रिम रूप से बनाये गये मचानों में रखा जाना सुनिश्चित किया गया। जिससे की वन्य प्राणियों में उनका प्राकृतिक स्वभाव नियत रहे।

- प्राणी उद्यान में विद्यमान विभिन्न प्रकार की फीजेन्ट एवं अन्य पक्षी प्रजातियों हेतु विभिन्न प्रकार के पर्च, झूले, सीढ़ियां, लकडी के लॉग, सैन्ड बाथ एवं विभिन्न प्रकार की हरी झाडियों को अवस्थापित किया गया।

## शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रमः—

- दिनांक 06.04.2022 को नैनीताल प्राणी उद्यान के सभागार में माननीय विधायिका नैनीताल विधानसभा क्षेत्र श्रीमती सरिता आर्या जी के निर्देशन में स्थानीय नागरिकों हेतु रोजगार सृजित किये जाने के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, नैनीताल वन प्रभाग/प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा मुख्य अतिथि माननीय विधायिका श्रीमती सरिता आर्या जी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, नैनीताल वन प्रभाग/प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा स्थानीय लोगों को रोजगार हेतु पिरूल से रोजगार योजना के बारे में विस्तृत में जानकारी दी गयी, श्री अजय सिंह रावत, वन क्षेत्राधिकारी, नैनीताल प्राणी उद्यान द्वारा नैनीताल प्राणी उद्यान के बारे में अवगत कराया, साथ ही नैना देवी हिमालयन पक्षी आरक्षिति को प्राणी उद्यान प्रबन्धन समिति में सम्मिलित कर स्थानीय नागरिकों हेतु रोजगार उत्पन्न करने के सम्बन्ध में प्रेषित प्रस्ताव के बारे में जानकारी दी गयी। श्रीमती ममता चन्द, वन क्षेत्राधिकारी, नैना वन क्षेत्र द्वारा नैना देवी बर्ड कन्जरवेशन रिजर्व के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। जिसके उपरान्त माननीय विधायिका नैनीताल विधानसभा क्षेत्र श्रीमती सरिता आर्या जी से निवेदन किया कि उक्त प्रस्ताव को शासन स्तर से स्वीकृत कराने हेतु सहयोग प्रदान करें, जिससे कि स्थानीय युवाओं को रोजगार दिया जा सके। इस अवसर पर श्रीमती शांति मेहरा, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री, श्री हरीश भट्ट, जिला मंत्री, श्री आनन्द सिंह, मण्डल, अध्यक्ष भाजपा, श्री मोहित लाल साह, जिला मंत्री, भाजपा, श्री विशाल वर्मा, छात्र संघ अध्यक्ष, श्री हरीश राणा, पूर्व छात्र संघ, श्रीमती मीनू बुधलाकोटी, जिला कार्यकारणी सदस्य, भाजपा, श्री सुभम कुमार, मण्डली मंत्री युवा मोर्चा, भाजपा उपस्थित रहे।
- दिनांक 20.04.2022 को प्राणी उद्यान, नैनीताल के सभागार में डॉ0 अशोक कुमार, प्रोफेसर, होटल मैनेजमेन्ट एवं टूरिज्म, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल द्वारा प्राणी उद्यान के अधिकारी/कर्मचारियों को पर्यटकों/अतिथियों के सम्मान आदि के बारें में प्रशिक्षण दिया गया।
- दिनांक 22.04.2022 को अर्थ दिवस के अवसर पर नैनीताल प्राणी उद्यान में श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल के निर्देशन में चित्रकला, वाद—विवाद, एवं नाटक मंचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा पर्यावरण के संरक्षण हेतु प्लास्टिक से बनी वस्तुएं जो पर्यावरण के लिए हानिकारक है, उनका प्रयोग न करने और पृथ्वी को प्लास्टिक मुक्त बनाने में अपना सहयोग प्रदान करने का संकल्प दिलाया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 111 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रथम चरण में

चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय जूनियर वर्ग हेतु Invest in our planet तथा सीनियर वर्ग हेतु No Plastic pollution in Zoo दिया गया। चित्रकला प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान क्यान अहुजा, सैण्ट जोजफ कॉलेज, नैनीताल द्वितीय स्थान तरूण कुमार, सैण्ट जेवियर, कॉलेज, नैनीताल तृतीय स्थान रेनू बिष्ट, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय, नैनीताल, सांत्वना पुरस्कार भाव्या बिष्ट, मोहन लाल बाल विद्या मन्दिर, नैनीताल एवं नम्रता आर्या, सनवाल स्कूल, नैनीताल तथा सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान नियती चन्द, सनवाल स्कूल, नैनीताल, द्वितीय स्थान प्रियांशु तपोवर्द्धन, सनवाल स्कूल, नैनीताल, तृतीय स्थान मानस तिवारी, सैण्ट जोजफ कॉलेज, नैनीताल, सांत्वना पुरस्कार शिवानी आर्या, कुन्दन लाल साह कन्या इण्टर कॉलेज एशडेल, नैनीताल एवं योगिता गुप्ता, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय, नैनीताल ने प्राप्त किया। द्वितीय चरण में नाटक मंचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण से सम्बन्धित रहा। नाटक मंचन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मोहन लाल बाल विद्या मन्दिर, नैनीताल, द्वितीय स्थान लौंग व्यू पब्लिक स्कूल, नैनीताल तथा तृतीय स्थान राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज, नैनीताल ने प्राप्त किया। तृतीय चरण में वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय प्लास्टिक बैग एवं बोतल बैन (Plastic Bag and Bottle Ban)? सभी स्कूल निजी होने चाहिए (All School should be private school)? सभी लोगों को शाकाहारी होना चाहिए (All people should be vegetarian)? सोशल मीडिया ने मानव संचार में सुधार किया है (Social media has improved human communication)? रहा। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्मृति पाण्डे, सैण्ट जोजफ कॉलेज, नैनीताल, द्वितीय स्थान सुमित जोशी, सैण्ट जेवियर कॉलेज, नैनीताल, तृतीय स्थान दीपिका बहुखण्डी, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय, नैनीताल, सांत्वना पुरस्कार मानस पचाई, लौंग व्यू पब्लिक, नैनीताल एवं करिश्मा परिहार, मोहन लाल बाल विद्या मन्दिर, नैनीताल ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के निर्णायक मण्डल में श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल एवं श्रीमती ममता चन्द, वन क्षेत्राधिकारी, नैना वन क्षेत्र, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल रहे।

- दिनांक 28.05.2022 को देहरादून प्रशिक्षण संस्थान से आये उप प्रभागीय वनाधिकारी प्रशिक्षार्थियों के दल 37+01 को प्राणी उद्यान, नैनीताल का निःशुल्क भ्रमण कराया गया। जिनको नैनीताल प्राणी उद्यान के वरिष्ठ पशुचिकित्साधिकारी डॉ0 हिमांशु पांगती तथा वन क्षेत्राधिकारी श्री अजय सिंह रावत द्वारा प्राणी उद्यान के रख रखाव एवं प्राणी उद्यान में विद्यमान वन्य प्राणियों के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गयी।
- दिनांक 30.05.2022 को नैनीताल प्राणी उद्यान के सभागार में श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, नैनीताल वन प्रभाग/प्राणी उद्यान, नैनीताल के निर्देशन में बाघ गणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल अर्न्तगत वन क्षेत्रों के 60 अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।
- दिनांक 31.05.2022 को श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल की अध्यक्षता में Job Orientation कार्यक्रम का आयोजन

किया गया। कार्यक्रम में डी0एस0बी0 कॉलेज, नैनीताल के 103 छात्र/छात्रओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा कॉलेज के छात्र/छात्राओं को Job Orientation से सम्बन्धित टिप्स दिये।

- दिनांक 02.06.2022 को नैनीताल प्राणी उद्यान के सभागार में श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, नैनीताल वन प्रभाग/प्राणी उद्यान, नैनीताल के निर्देशन में Indian Judiciary system and Wildlife act से सम्बन्धित कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के Dy Advocate General श्री मनोज गोरखेला द्वारा Indian Judiciary system and Wildlife act के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। जो कि उत्तराखण्ड के इतिहास में पहली बार वन अधिकारियों/कर्मचारियों को किसी Dy Advocate General द्वारा व्याख्या दिया गया। इस अवसर पर श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, नैनीताल वन प्रभाग/प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया गया, तथा हमारे संविधान के बारे में जानकारी दी।
- दिनांक 16.06.2022 से 19.06.2022 तक श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/ निदेशक, प्राणी उद्यान के निर्देशन में नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल एवं ओरियनटल ट्रेल के सहयोग से 04 दिवसीय बर्ड सर्वे का आयोजन प्रथम बार नैना देवी हिमालयन बर्ड कन्जरवेशन रिजर्व, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल में किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि पद्म श्री अनूप साह, अन्तर्राष्ट्रीय छायाकार रहे। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों के 54 बर्ड वॉचरो द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें महाराष्ट्रा, मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड, कर्नाटका, गुजरात, राजस्थान, केरला, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा आदि राज्यो से आये बर्ड वॉचरो द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

  इस अवसर पर मुख्य अतिथि पद्म श्री अनूप साह, अन्तर्राष्ट्रीय छायाकार द्वारा अवगत कराया गया कि इन्सेक्टीसाइड, वनाग्नि तथा मौसम परिवर्तन से पक्षियों की संख्याओं में निरन्तर कमी हो रही है। उनके द्वारा ज्योलिकोट क्षेत्र बर्ड वाचिंग एवं तितली हेतु प्राकृतवास के अनुकूल बताया गया, साथ ही उनके द्वारा बर्ड वाचिंग से सम्बधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि माउण्टेन क्वैल को अन्तिम बार नैनीताल एवं मंसूरी पर देखा गया। नैनीताल में माउण्टेन क्वैल का प्राकृतवास अभी समाप्त नही हुआ है इसके मिलने की सम्भावन अभी भी है। श्री कल्याण सिंह सजवाण, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, वन संरक्षक, दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त, नैनीताल द्वारा अवगत कराया गया कि बर्ड सर्वे का उत्तम डाटा प्राप्त करने हेतु वर्ष में तीन बार सर्वे कराया जाना चाहिए। माह नवम्बर एवं दिसम्बर के बीच पक्षी उच्च हिमालया से निम्न हिमालया में आते है एवं माह मार्च से अप्रैल में निम्न हिमालया से उच्च हिमालया में वापस लौटने का समय है तथा माह जून से जुलाई तक स्थानीय पक्षियों के दीदार कर सकते है।

श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा मुख्य अतिथि तथा विभिन्न राज्यो से आये बर्ड वॉचरों का स्वागत किया गया, एवं उनके द्वारा अवगत कराया गया कि नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल विगत 02 वर्षो से बर्ड वाचिंग एवं बर्ड सर्वे का आयोजन कराने में प्रयासरत था परन्तु कोविड–19 परिस्थितियों में यह कार्य नही किया जा सका। बर्ड सर्वे के उपरान्त उक्त क्षेत्रों में बर्ड का डेटा नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल को मिल पायेगा। श्रीमती ममता चन्द, वन क्षेत्राधिकारी, नैना रेंज एवं श्रीमती सोनल पनेरू, वन क्षेत्राधिकारी, कोसी वन क्षेत्र के द्वारा नैना देवी हिमालयन बर्ड कन्जरवेशन रिजर्व, नैनीताल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। श्री अमित सांकल्य, संस्थापक ओरियनटल ट्रेल, के द्वारा बर्ड सर्वे से सम्बन्धित जानकारिया दी गयी, कि विभिन्न राज्यों से आये 54 बर्ड वॉचरो को 06 ग्रुपों में बांटा गया है जो नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल के अन्तर्गत हिमालयन बोटैनिकल गार्डन, नैना देवी हिमालयन बर्ड कन्जरवेशन रिजर्व, नैनीताल, भवाली एवं महेशखान में बर्ड सर्वे करेंगे।

- दिनांक 18.06.2022 को वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, हल्द्वानी से आये 20+01 वन क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षार्थियों के दल को प्राणी उद्यान, नैनीताल का निःशुल्क भ्रमण कराया गया। जिनको नैनीताल प्राणी उद्यान के वन क्षेत्राधिकारी श्री अजय सिंह रावत द्वारा प्राणी उद्यान के रख रखाव एवं प्राणी उद्यान में विद्यमान वन्य प्राणियों के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गयी।
- दिनांक 19.06.2022 को श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल के निर्देशन में नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल एवं ओरियनटल ट्रेल के सहयोग से आयोजित 04 दिवसीय बर्ड सर्वे (दिनांक 16.06.2022 से 19.06.2022) का समापन समारोह हिमालयन बोटेनिकल गार्डन, नारायणनगर में आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न राज्य (महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड, कर्नाटक, गुजरात, राजस्थान, केरल, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा आदि) के 54 बर्ड वॉचरो द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा विभिन्न राज्यों से आये समस्त बर्ड वाचरों एवं ओरियनटल ट्रेल के संस्थापक का धन्यवाद व्यक्त किया, तथा समस्त प्रतिभागी बर्ड वाचरों को प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया, एवं श्री अमित सांकल्य, संस्थापक ओरियनटल ट्रेल एवं कृति सांकल्य को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।
- दिनांक 01.07.2022 को नैनीताल प्राणी उद्यान में माननीय विधायिका श्रीमती सरिता आर्या द्वारा लेगेस्टोमिया स्पेसियोसा का पौधा रोपित कर वन महोत्सव का शुभारम्भ किया गया, तथा नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल के अधिकारी/कर्मचारियों को वर्षाकाल में किये जाने वाले वृक्षारोपण की सफलता की शुभकामनाऐं दी, तथा प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल/निदेशक प्राणी उद्यान, नैनीताल श्री टी0आर0 बीजूलाल के द्वारा अजेलिया का पौधा रोपित किया गया। श्री टी0आर0 बीजूलाल द्वारा वन महोत्सव के दौरान पूरे सप्ताह कई स्थानों पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किये जाने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर श्री आनन्द सिंह, नगर मण्डल, अध्यक्ष भाजपा, श्री मनोज जोशी, नामित सभासद, श्री भगवत सिंह रावत, सभासद,

कैलाश रौतेला, सभासद, श्री हरीश राणा, पूर्व छात्र संघ आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री अजय सिंह रावत, वन क्षेत्राधिकारी, प्राणी उद्यान, नैनीताल, प्रमोद चन्द्र तिवारी, वन क्षेत्राधिकारी, नैना/नगरपालिका रेंज, श्रीमती सोनल पनेरू, वन क्षेत्राधिकारी, कोसी रेंज, श्री प्रमोद कुमार आर्या, वन क्षेत्राधिकारी, उत्तरी गौला, श्री भूपाल सिंह मेहता, वन क्षेत्राधिकारी, बढौन रेंज, श्री ललित मोहन कार्की, वन क्षेत्राधिकारी, दक्षिणी गौला, श्री मुकुल शर्मा, वन क्षेत्राधिकारी, मनोरा रेंज, श्री महेश जोशी, वन क्षेत्राधिकारी, लीसा डिपो, श्री नवीन जोशी, वन क्षेत्राधिकारी, श्री दीपक कुमार तिवारी, उप वन क्षेत्राधिकारी, श्री धरम सिंह बोनाल, उप वन क्षेत्राधिकारी एवं नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल के वन दरोगा तथा वन आरक्षी, श्री आनन्द सिंह, सिस्टम एनालिस्ट, श्री अनुज काण्डपाल, बायोलॉजिस्ट, सूरज एवं नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल/प्राणी उद्यान, नैनीताल के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

- दिनांक 16.07.2022 को श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल के निर्देशन में भूमियाधार (भवाली वन क्षेत्र) में हरेला महोत्सव के अर्न्तगत वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय विधायिका, विधान सभा क्षेत्र नैनीताल श्रीमती सरिता आर्या रही, तथा इस अवसर पर श्री हेम चन्द गहतोड़ी, उप प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल, श्री आनन्द सिंह, मण्डल अध्यक्ष, भाजपा, भवाली नगरपालिका परिषद अध्यक्ष श्री संजय वर्मा, श्री बृज मोहन जोशी, सामाजिक कार्यकर्ता, श्री जगदीश नेगी, शिप्रा कल्याण समिति, ग्राम प्रधान सिलोडी, सुश्री ममता बिष्ट, सभासद, नगरपालिका परिषद, राजकीय इण्टर कॉलेज, भूमियाधार के प्रधानाचार्य एवं स्कूली बच्चे आदि द्वारा देवदार, क्वौराल, नीबू, दाडिम, पांगर, कनौल, उतिस, चमेली आदि के 25 पौधों का रोपण किया गया।

  द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि श्री अनिल घडियाल, रंगमंच कर्मी रहे। श्री अनिल घडियाल एवं श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा पिरूल से रोजगार गाने का विमोचन किया गया, एवं स्कूली बच्चों द्वारा हरेला कार्यक्रम के अर्न्तगत नाटक व नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिसमें नृत्य प्रतियोगिता में सैन्ट मैरीज कॉलेज, नैनीताल प्रथम रहा, तथा द्वितीय स्थान विशप शौ इण्टर कॉलेज, नैनीताल रहा, तथा नाटक प्रतियोगिता में विशप शौ इण्टर कालेज प्रथम तथा सैन्ट मैरीज कॉलेज द्वितीय स्थान पर रहा।

- दिनांक 02.09.2022 को वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, हल्द्वानी से आये 60+01 वन रक्षक प्रशिक्षणार्थियों के दल को प्राणी उद्यान, नैनीताल का निःशुल्क भ्रमण कराया गया। उक्त प्रशिक्षणार्थियों को श्री अजय सिंह रावत, वन क्षेत्राधिकारी प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा प्राणी उद्यान के बारे में विस्तार से बताया गया।

- दिनांक 03.09.2022 को वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, हल्द्वानी से आये 60+01 वन रक्षक प्रशिक्षणार्थियों के दल को प्राणी उद्यान, नैनीताल का निःशुल्क भ्रमण कराया गया। उक्त प्रशिक्षणार्थियों को श्री अजय सिंह रावत, वन क्षेत्राधिकारी प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा प्राणी उद्यान के बारे में विस्तार से बताया गया।

- दिनांक 18.09.2022 वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, पिंजौर, हरियाणा से आये 50 वन दरोगा/उप वन क्षेत्राधिकारी के दल को प्राणी उद्यान, नैनीताल का निःशुल्क भ्रमण कराया गया।
- दिनांक 05.11.2022 को फॉरेस्ट्री कॉलेज, काठमाण्डू, नेपाल से आये 49+02 विद्यार्थियों के दल को प्राणी उद्यान, नैनीताल का निःशुल्क भ्रमण कराया गया। उक्त विद्यार्थियों को श्री अजय सिंह रावत, वन क्षेत्राधिकारी प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा प्राणी उद्यान के बारे में विस्तार से बताया गया।
- दिनांक 16.11.2022 को वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, कालसी से आये 79+04 वन रक्षक प्रशिक्षणार्थियों के दल को प्राणी उद्यान, नैनीताल का निःशुल्क भ्रमण कराया गया। उक्त प्रशिक्षणार्थियों को डॉ0 हिमांशु पांगती, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी, प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा प्राणी उद्यान के बारे में विस्तार से बताया गया।
- दिनांक 20.11.2022 को नैनीताल प्राणी उद्यान के सभागार में आपदा प्रबन्धन से सम्बन्धित कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्राणी उद्यान के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को सेवानिवृत्त उप प्रभागीय वनाधिकारी श्री जी0एस0 कार्की एवं सेवानिवृत्त वन क्षेत्राधिकारी श्री मनोज कुमार साह द्वारा आपदा प्रबन्धन के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया गया।
- दिनांक 26.11.2022 को वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, जैती, अल्मोड़ा से आये 29+01 वन रक्षक प्रशिक्षणार्थियों के दल को प्राणी उद्यान, नैनीताल का निःशुल्क भ्रमण कराया गया। उक्त प्रशिक्षणार्थियों को श्री अजय सिंह रावत, वन क्षेत्राधिकारी प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा प्राणी उद्यान के बारे में विस्तार से बताया गया।
- दिनांक 01.03.2023 को प्राणी उद्यान, नैनीताल में पी0बी0 कॉलेज, राजस्थान से आये एम0एस0सी0 बोटनी के 50+05 विद्यार्थियों को प्राणी उद्यान, नैनीताल का निःशुल्क भ्रमण कराया गया, तथा वन क्षेत्राधिकारी श्री अजय सिंह रावत द्वारा प्राणी उद्यान एवं वन्य प्राणियों के रहन–सहन के बारें में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी।
- दिनांक 12.03.2023 को वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, हल्द्वानी से आये 22+01 वन क्षेत्राधिकारी व उप वन क्षेत्राधिकारी के दल को प्राणी उद्यान, नैनीताल का निःशुल्क भ्रमण कराया गया।
- दिनांक 27.03.2023 को कृषि विश्वविद्यालय, पन्तनगर से आये 86+03 बी0वी0एस0सी0 प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को प्राणी उद्यान, नैनीताल का निःशुल्क भ्रमण कराया गया, एवं प्राणी उद्यान, नैनीताल के वरिष्ठ पशुचिकित्साधिकारी डॉ0 हिमांशु पांगती व वन क्षेत्राधिकारी श्री अजय सिंह रावत द्वारा प्राणी उद्यान एवं वन्य प्राणियों के रहन–सहन के बारें में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी।

**इसके अतिरिक्त समय–समय पर अति महत्त्वपूर्ण गणमान्य अतिथिगणों द्वारा प्राणी उद्यान, नैनीताल का भ्रमण किया गया है।**

## महत्वपूर्ण आयोजित कार्यक्रम (Outreach Programme):–

जनसाधारण में वन्यजीवों के प्रति स्नेह एवं जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से नैनीताल प्राणी उद्यान में विशेष अवसरों जैसे– विश्व पर्यावरण दिवस, ओजोन परत संरक्षण दिवस एवं वन्य जीव सप्ताह पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिसमें नैनीताल एवं नजदीकी क्षेत्रों के विद्यालयों एवं संस्थानों के छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जाता है। इसी क्रम में वर्ष 2022-2023 में प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा शिक्षा एवं जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## आजादी का अमृत महोत्सव (16 मई, 2022 से 23 मई, 2022 तक ):–

- दिनांक 16.05.2022 को आजादी का अमृत महोत्सव (16 मई, 2022 से 23 मई, 2022 तक) के अवसर पर नैनीताल प्राणी उद्यान में श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल के निर्देशन में Guided Trip in zoo and Digital Zoo का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम दिवस में नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल के वन क्षेत्र अर्न्तगत गरजोली, हैडाखान आदि विद्यालयों के विद्यार्थियों को प्राणी उद्यान, नैनीताल का निःशुल्क भ्रमण कराया गया, तथा श्री अजय सिंह रावत, वन क्षेत्राधिकारी, प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा विद्यार्थियों को प्राणी उद्यान के बारे में जानकारी प्रदान की गयी, तथा श्री अनुज काण्डपाल, बायोलॉजिस्ट द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों को प्राणी उद्यान का भ्रमण तथा वन्य प्राणियों के बारे में जानकारियां दी गयी। भम्रण में उपरान्त स्कूल के विद्यार्थियों को इण्टरप्रिटेशन थियेटर में वन्यजीवों की डॉक्यूेन्ट्री दिखायी गयी।
- दिनांक 17.05.2022 को आजादी का अमृत महोत्सव (16 मई, 2022 से 23 मई, 2022 तक) के अवसर पर नैनीताल प्राणी उद्यान में श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल के निर्देशन में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आजादी का अमृत महोत्सव के द्वितीय दिवस को आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल के वन क्षेत्र अर्न्तगत अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, नैनीताल, शहीद मेजर राजेश अधिकारी राजकीय इण्टर कॉलेज, नैनीताल, राजकीय इण्टर कॉलेज, हैडाखान, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, ओखलढुंगा, खीमा आर्या राजकीय इण्टर कॉलेज, पहाड़पानी तथा राजकीय इण्टर कॉलेज, पैटना आदि विद्यालयों के कुल 30 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता का विषय **"Indian Muntjac (*Muntiacus muntjac*) conservation awareness activities"** रहा।
- दिनांक 18.05.2022 को आजादी का अमृत महोत्सव (16 मई, 2022 से 23 मई, 2022 तक) के तृतीय दिवस पर श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल के निर्देशन में वन्यजीव सरंक्षण हेतु जागरूकता अभियान के अन्तर्गत साईकिल रैली का आयोजन किया गया। साईकिल रैली का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री कुबेर सिंह बिष्ट, वन संरक्षक, दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, नैनीताल द्वारा हरी झण्डी दिखा कर बैण्ड स्टैण्ड मल्लीताल, नैनीताल से किया

गया। साईकिल रैली का आयोजन बैण्ड स्टैण्ड मल्लीताल से तल्लीताल तक तथा तल्लीताल से बैण्ड स्टैण्ड मल्लीताल तक किया गया। साईकिल रैली का विषय Conservation to Co-Existence: The People Connect रहा।

- दिनांक 19.05.2022 को आजादी का अमृत महोत्सव (16 मई, 2022 से 23 मई, 2022 तक) के चतुर्थ दिवस पर श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल की अध्यक्षता में Story Writing/Poetry Writing/One Act Play प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में Story Writing/Poetry Writing प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें भारतीय शहीद सैनिक, मोहन लाल साह बाल विद्या मन्दिर, राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ, विशप शॉ स्कूल, लौंग व्यू पब्लिक स्कूल, बिरला विद्या मन्दिर, सेन्ट जेवियर कॉलेज, मोहन लाल साह बालिका विद्या मन्दिर, कुन्दन लाल साह ट्रस्ट कन्या इण्टर कॉलेज एशडेल आदि विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। द्वितीय सत्र में One Act Play प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान लौंग व्यू पब्लिक स्कूल, द्वितीय मोहन लाल साह बालिका विद्या मन्दिर, तृतीय स्थान भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय रहा है। One Act Play प्रतियोगिता के निर्णायक श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल रहे।

- दिनांक 20.05.2022 को नैनीताल प्राणी उद्यान में नैनीताल प्राणी उद्यान द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव (16 मई, 2022 से 23 मई, 2022 तक) के अवसर पर श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल की अध्यक्षता में क्विज तथा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान बिरला विद्या मन्दिर, द्वितीय स्थान मोहन लाल साह बालिका विद्या मन्दिर, तृतीय स्थान लौंग व्यू पब्लिक स्कूल एवं मोहन लाल साह बाल विद्या मन्दिर, चतुर्थ स्थान राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के द्वितीय सत्र में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मोहन लाल साह बालिका विद्या मन्दिर तथा राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ सयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान विशप शौ इण्टर कॉलेज, तृतीय स्थान भारतीय शहीद सैनिक स्कूल ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/ निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल एवं सेवानिवृत्त वन क्षेत्राधिकारी मनोज साह रहे।

- दिनांक 21.05.2022 को नैनीताल प्राणी उद्यान में नैनीताल प्राणी उद्यान द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव (16 मई, 2022 से 23 मई, 2022 तक) के अवसर पर छठें दिवस पर श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल के निर्देशन में Collaboration with Local University कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र डी0एस0बी0 परिसर, नैनीताल के जन्तु विज्ञान के कुल 47 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में डॉ0 हिमांशु पांगती, वरिष्ठ पशुचिकित्साधिकारी, नैनीताल प्राणी उद्यान ने प्राणी उद्यान तथा प्राणी उद्यान में स्थित वन्यजीवों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, तथा डॉ0 मनोज कुमार आर्या, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, जन्तु विज्ञान विभाग, डी0एस0बी0 परिसर, नैनीताल द्वारा काकड़

के वास स्थल, प्रकृति वास में भोजन, संरक्षण की स्थिति, कम होने का कारण, पहचान एवं संरक्षण के तरीके के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। द्वितीय सत्र में श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा कॉलेज के छात्र/छात्राओं को Job Orientation से सम्बन्धित टिप्स दिये।

- दिनांक 23.05.2022 को नैनीताल प्राणी उद्यान में नैनीताल प्राणी उद्यान द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव (16 मई, 2022 से 23 मई, 2022 तक) के समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री कुबेर सिंह बिष्ट, वन संरक्षक, दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, नैनीताल रहे। कार्यक्रम का आयोजन निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल/प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल श्री टी0आर0 बीजूलाल के निर्देशन में किया गया। जिसमें दिनांक 16 मई, 2022 से 23 मई, 2022 तक आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल/प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल एवं सेवानिवृत्त वन क्षेत्राधिकारी श्री मनोज साह द्वारा पुरस्कार प्रदान किये गये। इस दौरान नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल अर्न्तगत विभिन्न वन क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को भी पुरस्कृत किया गया।

## पर्यावरण दिवस (05 जून, 2022):–

दिनांक 05.06.2022 को श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, नैनीताल वन प्रभाग/प्राणी उद्यान, नैनीताल के निर्देशन में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन शिप्रा नदी (कैंची व रातीघाट) में सफाई अभियान चलाया गया ।

## योग दिवस (21 जून, 2022):–

आज दिनांक 21.06.2022 को श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल के निर्देशन में नैनीताल प्राणी उद्यान के ऑडिटोरियम हॉल में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा योग क्रियाऐं करायी गयी, साथ ही योग से होने वाले लाभों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर योग से सम्बन्धित प्रतियोगिता करायी गयी। जिसमें पुरूष वर्ग में श्री रणजीत सिंह थापा, वन दरोगा तथा महिला वर्ग में कु0 मुन्नी दानू, वन आरक्षी ने सबसे अधिक योगासन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, साथ ही पुरूष वर्ग में श्री सूरज सिंह बिष्ट, वन दरोगा, श्री गणेश तिवारी, वन दरोगा, श्री मनोज, वन आरक्षी, श्री नरेन्द्र सिंह बिष्ट, श्री सूरज नयाल, श्री हर्षित नेगी एवं महिला वर्ग में श्रीमती ममता चन्द, वन क्षेत्राधिकारी, नैना रेंज, पूजा, वन आरक्षी, राधा, वन आरक्षी, ममता बिष्ट, वन आरक्षी, चित्रा, वन आरक्षी, रजनी रावत, मीना, वन आरक्षी आदि अलग–अलग प्रतियोगिताओं में विजयी रहे। इस अवसर पर श्री अजय सिंह रावत, वन क्षेत्राधिकारी, नैनीताल प्राणी उद्यान, प्रमोद चन्द्र तिवारी, वन क्षेत्राधिकारी, नगरपालिका रेंज, श्रीमती सोनल पनेरू, वन क्षेत्राधिकारी, कोसी रेंज, श्री प्रमोद कुमार आर्या, वन क्षेत्राधिकारी, उत्तरी गौला, श्री भूपाल सिंह मेहता, वन क्षेत्राधिकारी, मनोरा रेंज,

श्री किशन सिंह शाही, वन क्षेत्राधिकारी, बढ़ौन रेंज, श्री ललित मोहन कार्की, वन क्षेत्राधिकारी, दक्षिणी गौला, श्री मुकुल शर्मा, वन क्षेत्राधिकारी, भवाली रेंज, श्री महेश जोशी, प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी, लीसा डिपो, श्री बच्चे सिंह बजेठा, उप वन क्षेत्राधिकारी, श्री मनोज भगत, उप वन क्षेत्राधिकारी, श्री नवीन जोशी, उप वन क्षेत्राधिकारी एवं नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल के वन दरोगा तथा वन आरक्षी, श्री आनन्द सिंह, सिस्टम एनालिस्ट, श्री अनुज काण्डपाल, बायोलॉजिस्ट, सूरज एवं नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 रजनी रावत, बोटनिस्ट द्वारा किया गया।

## वन्य प्राणी सप्ताह (01 से 07 अक्टूबर, 2022):–

- दिनांक 01.10.2022 को श्री चन्द्रशेखर जोशी, निदेशक, प्राणी उद्यान/प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल के निर्देशन में वन्य प्राणी सप्ताह के अवसर पर मैराथन दौड का आयोजन किया गया। मैराथन दौड का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री राजेन्द्र सिंह रावत, पूर्व ओलेम्पियन तथा विशिष्ठ अतिथि सुश्री तुसी अनित साह, पर्वतारोही द्वारा झण्डी दिखा कर किया गया। मैराथन का आयोजन बैण्ड स्टैण्ड मल्लीताल से पाईन्स तक तथा वापस पाईन्स से बैण्ड स्टैण्ड मल्लीताल तक 12 कि0मी0 का किया गया। प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान श्री प्रिन्स राज यादव, द्वितीय स्थान श्री सतीश, तृतीय स्थान श्री सूर्यश प्रताप सिंह तथा महिला वर्ग में प्रथम स्थान सुश्री आशा बिष्ट, द्वितीय स्थान सुश्री खुशी बिष्ट, तृतीय स्थान सुश्री पूजा बिष्ट ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में कुल 150 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर वन क्षेत्राधिकारी, प्राणी उद्यान, नैनीताल श्री अजय सिंह रावत द्वारा मुख्य अतिथि श्री राजेन्द्र सिंह रावत, सुश्री तुसी अनित साह, श्री ललित मोहन पाण्डे तथा Run to live के संस्थापक श्री हरीश तिवारी तथा संस्था के सदस्य श्री वीरू ह्यांकी, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा चिकित्सा विभाग, प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्राणी उद्यान, नैनीताल परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया गया। वन्य प्राणी सप्ताह 2022 के अवसर पर 96 बच्चों को प्राणी उद्यान, नैनीताल निःशुल्क भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री नवीन पाण्डे द्वारा किया गया।
- दिनांक 02.10.2022 को वन्य प्राणी सप्ताह 2022 के द्वितीय दिवस के अवसर पर प्राणी उद्यान, नैनीताल के सभागार में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर उनकी प्रिय राम धुन का गायन किया गया एवं प्राणी उद्यान के एनिमल कीपर्स के मध्य कीपर्स टॉक का आयोजन किया गया। जिसमें प्राणी उद्यान, नैनीताल में कार्यरत एनिमल कीपरों द्वारा अपने–अपने अनुभव, वन्य प्राणियों के रखरखाव आदि से अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त 300 बच्चों को निःशुल्क प्रवेश दिया गया।
- दिनांक 03.10.2022 को वन्य प्राणी सप्ताह 2022 के अवसर पर प्राणी उद्यान, नैनीताल के सभागार में श्री चन्द्रशेखर जोशी, निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल/प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल के निर्देशन में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 24 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रतिभागियों को वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्र दिया गया। प्रथम चरण के विजयी प्रतिभागियों द्वारा द्वितीय चरण में प्रतिभाग किया गया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लौंग व्यू पब्लिक स्कूल,

द्वितीय स्थान राधा चिल्ड्रन एकेडमी, तृतीय स्थान मोहन लाल साह बाल विद्या मन्दिर, सांत्वना पुरस्कार राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ (निशान्त) तथा सैन्ट जेवियर्स स्कूल ने प्राप्त किया। निणार्यक मण्डल में श्री अजय सिंह रावत, वन क्षेत्राधिकारी, नैनीताल प्राणी उद्यान एवं डॉ0 हिमांशु पांगती, वरिष्ठ पशुचिकित्साधिकारी, नैनीताल प्राणी उद्यान रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री अनुज काण्डपाल, बायोलॉजिस्ट, प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा किया गया।

- दिनांक 04.10.2022 को वन्य प्राणी सप्ताह 2022 के अवसर पर प्राणी उद्यान, नैनीताल के सभागार में श्री चन्द्रशेखर जोशी, निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल/प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल के निर्देशन में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को तीन वर्गो में करायी गयी, चित्रकला प्रतियोगिता का विषय प्रथम वर्ग हेतु आपके आस–पास पाये जाने वाले वन्यजीव, द्वितीय वर्ग हेतु वन्य जीवन के प्रति करूणा तथा तृतीय वर्ग हेतु जलवायु परिवर्तन और वन्य जीवन दिया गया। जिसमें 21 विद्यालयों के 150 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

  कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। "भाषण प्रतियोगिता" का विषय "वन्यजीव संरक्षण में विद्यार्थियों की भूमिका (Role of Students in Wildlife Conservation)" रहा। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 24 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। भाषण प्रतियोगिता के निणार्यक मण्डल में डॉ0 ललित तिवारी, प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान, कुमाऊँ विश्व विद्यालय, नैनीताल एवं डॉ0 सुषमा टम्टा, एसोसियट प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल रहे। डॉ0 ललित तिवारी एवं डॉ0 सुषमा टम्टा द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों को वन्यजीव संरक्षण तथा इसकी जरूरत के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन श्री अनुज काण्डपाल, बायोलॉजिस्ट, प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा किया गया।

- दिनांक 05.10.2022 को वन्य प्राणी सप्ताह 2022 के अवसर पर प्राणी उद्यान, नैनीताल के सभागार में श्री चन्द्रशेखर जोशी, निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल/प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल के निर्देशन में नाटक मंचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता का विषय "वन्यजीव संरक्षण से सम्बन्धित" रहा। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 20 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता के निणार्यक मण्डल में श्री अजय सिंह रावत, वन क्षेत्राधिकारी, नैनीताल प्राणी उद्यान एवं डॉ0 हिमांशु पांगती, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी, प्राणी उद्यान, नैनीताल रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री अनुज काण्डपाल, बायोलॉजिस्ट, प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा किया गया।

- दिनांक 06.10.2022 को वन्य प्राणी सप्ताह 2022 के अवसर पर प्राणी उद्यान, नैनीताल के सभागार में श्री चन्द्रशेखर जोशी, निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल/प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल के निर्देशन में फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का विषयः–आओ हम बचायें अपनी पृथ्वी, पर्यावरण एवं वन्य जीवों को! रहा। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 31 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता के निणार्यक मण्डल में श्री हरीश पन्त, वन दरोगा, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल एवं डॉ0 हिमांशु पांगती, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी, प्राणी उद्यान, नैनीताल रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री अनुज काण्डपाल, बायोलॉजिस्ट, प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा किया गया।

- दिनांक 12.10.2022 को प्राणी उद्यान, नैनीताल के सभागार में श्री चन्द्रशेखर जोशी, निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल/प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल की अध्यक्षता में वन्य प्राणी सप्ताह 2022 के अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिनांक 01.10.2022 से 06.10.2022 तक आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को श्री चन्द्रशेखर जोशी, निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल/प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल एवं श्री हेम चन्द्र गहतोडी, उप निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल/उप प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल द्वारा पुरस्कृत किया गया। निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल/प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल द्वारा सभी स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षक/शिक्षिकाओं तथा प्रतिभागी छात्र/छात्राओं का आभार व्यक्त किया गया, तथा वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण में मानव की भूमिका के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गयी।

  उप निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल/उप प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल द्वारा खाद्य श्रृंखला के बारे में जानकारी दी कि खाद्य श्रृंखला का एक भी घटक यदि कम होता है। तो मानव वन्यजीव संघर्ष की सम्भावना बढती जायेगी। इस कार्यक्रम का संचालन श्री अनुज काण्डपाल, बायोलॉजिस्ट, प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा किया गया।

## वन्य प्राणियों के रखरखाव के लिए ऋतुवार विशेष व्यवस्था:–

प्राणी उद्यान में वन्य प्राणियों को सीमित स्थान वाले बाड़ों में रखा गया हैं। इसलिए वन्य प्राणियों के बाड़ों को उनके प्राकृतवास के अनुरूप तथा स्वच्छंद विचरण के अनुकूल बनाने हेतु बाड़ों में लकड़ी के पर्च, बांस/रिंगाल के झूले, मचान, लकड़ी के छोटे–बड़े टुकडे, छिपने हेतु झाड़ियां एवं झोपडियों आदि को समायोजित किया गया। इसके अतिरिक्त वन्य प्राणियों की गतिविधियों को बढ़ाने हेतु उनके आहार में अंकुरित बीज, फलों व अन्य खाद्य–पदार्थो को बाड़े के भीतर विभिन्न स्थानों पर रखा जाता हैं। विभिन्न ऋतुओं के दृष्टिगत वन्य प्राणियों को प्रोटीन एवं ऊर्जा प्रदान करने के उद्देश्य से उनके दैनिक आहार में खाद्य पूरकों का भी समावेश विभिन्न विधियों द्वारा किया जाता है।

## शोध कार्य:–

वन्य प्राणियों के संरक्षण, संर्वद्धन एवं प्रजनन कार्यो में शोध कार्य का विशेष महत्व है। शिक्षा एवं अध्ययन कार्यो में भी शोध कार्य एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्राणी उद्यान, नैनीताल देश एवं विदेशों के प्रख्यात विश्वविद्यालय एवं संस्थानों से आये हुए विभिन्न विधाओं के शोधार्थियों को मुख्यतः उच्च स्थलीय वन्य प्राणियों से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर शोध कार्य करने हेतु एक उपयुक्त स्थान एवं वातावरण प्रदान करता है। विगत वर्षो में प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर, बरेली, भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून, विभिन्न भारतीय वन्यजीव, पशु चिकित्सा संस्थान, कुमाऊँ विश्वविद्यालय एवं विदेशों से आने वाले शोधार्थियों को शोध कार्य में भी सहायता प्रदान की जाती है।

## संरक्षण एवं प्रजनन कार्यक्रमः–

विभिन्न वन्य प्राणियों के संरक्षण, संवर्द्धन एवं प्रजनन कार्य किसी भी प्राणी उद्यान का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य है। प्राणी उद्यान, नैनीताल में भी विभिन्न विदेशी एवं स्वदेशी अनूसूचित/विलुप्त प्रायः वन्य प्राणियों में प्रजनन कार्य सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। उक्त प्रजनन कार्य विशेषतः स्तनपायी वन्यजीव जैसे रेड पाण्डा, ब्लू शीप, काकड़, हिमालयन घुरल तथा पक्षियों में भारतीय मोर, कलीज, चीर फीजैन्ट, रेड जंगल फाउल तथा विदेशी नस्लों में गोल्डन फीजैन्ट, सिल्वर फीजैन्ट, लेडी एमहर्स्ट इत्यादि में संचालित किया जा रहा है। **इसी क्रम में विगत वर्षो में नैनीताल प्राणी उद्यान द्वारा ब्लू शीप, हॉग डियर, कलीज फीजैन्ट, रेड जंगल फाउल, चीर फीजैन्ट आदि का प्रजनन एवं संरक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक पाया गया है।**

## स्वास्थ्य रक्षाः–

वन्य प्राणियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं बचाव हेतु प्राणी उद्यान, नैनीताल में एक वन्य प्राणी पशु चिकित्सालय है। यहां पर विनिमय के तहत आने वाले वन्य प्राणियों को, प्राणी उद्यान में जन्म लेने वाले प्राणियों तथा रैस्क्यू से बचाये हुए वन्य प्राणियों की निगरानी व उपचार के कार्य सम्पन्न किये जाते है, साथ ही घातक बीमारियों का निदान करने हेतु समय–समय पर वैक्सीनेशन और डीवर्मिंग की जाती है।

## वन्य प्राणी चिकित्सालय की आधारित संरचनाः–

- पशु चिकित्साधिकारी कक्ष
- "एक्स रे" कक्ष
- शल्य क्रिया एवं प्रयोगशाला कक्ष
- इन्क्यूबेटर–ब्रूडिंग कक्ष
- एनिमल वार्ड, क्वारन्टाईन वार्ड, पोस्ट मार्टम हाउस
- वन्य प्राणी बचाव (रैस्क्यू) सामग्री कक्ष

## वन्य प्राणी चिकित्सालय में उपलब्ध विशिष्ट उपकरणः–

- इन्टैनसिव केयर यूनिट (आई0सी0यू0)
- यूरिन एनालाइजर
- नेबुलाइजर मशीन
- डिजीटल फीजैन्ट इन्क्यूबेटर
- एक्स रे मशीन
- इलैक्ट्रोकॉटरी मशीन

## प्राणी उद्यान, नैनीताल में जन्में हुए वन्य प्राणीः–

- रेड पाण्डा
- ब्लू शीप

- घुरल
- कलीज फीजैन्ट
- चीर फीजैन्ट
- रेड जंगल फाउल

## वन्य प्राणियों का विनिमयकरणः–

वर्ष 2022-23 में नैनीताल प्राणी उद्यान द्वारा निम्न वन्य प्राणियों का सफलतापूर्वक विनिमय किया गया।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| A. | **Animals arriving in the Zoo** | | | | |
| | H.No. | Species | Number (M:F) | From which Zoo | Date of arrival in the Zoo |
| | | - | - | - | - |
| B. | **Animals going from the Zoo** | | | | |
| | H.No. | Species | Number (M:F) | Going to which Zoo | Dates of deposition from the Zoo |
| | | Bengal Tiger | 1:0 | Greens Zoological Rescue and rehabilitation Center, Jamnagar Gujrat | 22.07.2022 |

## वन्य प्राणियों का बचाव एवं पुर्नवासः–

| S. No. | Date of Rescue | Species With number of animals rescued with their sex (M:F:U:T) | Received from | Date of Submission of Report to the CWLW/CZA | Action Taken | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | Date and Place of rehabilitation in their habitat | Reasons for Housing in the zoo, if not released in their habitat |
| 1- | - | - | - | - | - | - |

## वन्य प्राणियों की सूची 2022-23

नैनीताल प्राणी उद्यान के वन्य प्राणियों की वार्षिक सूची निम्न प्रकार हैः–

**<u>Form-II</u>**

[See rule 11(1)]

**Part - A**

**Inventory Report for the Year : 2022-23**

**Endargered Species**

| S. No. | ANIMAL NAME | OPENING STOCK | | | | BIRTH | | | ACQUISITION | | | DISPOSAL | | | DEATHS | | | CLOSING STOCK | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | M | F | U | T | M | F | U | M | F | U | M | F | U | M | F | U | M | F | U | T |
| 1 | Peafowl | 2 | 2 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 0 | 4 |
| 2 | Cheer Pheasant | 6 | 5 | 0 | 11 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 6 | 4 | 0 | 10 |
| 3 | Kalij Pheasant | 9 | 4 | 0 | 13 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 9 | 4 | 0 | 13 |
| 4 | Monal Pheasant | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 2 |
| | **Total Birds** | **18** | **12** | **0** | **30** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **1** | **0** | **18** | **11** | **0** | **29** |
| 1 | Himalayan Black Bear | 1 | 3 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 3 | 0 | 4 |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | Common Palm Civet | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 2 |
| 3 | Himalayan Palm Civet | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 2 |
| 4 | Leopard (Panther) | 2 | 3 | 0 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 3 | 0 | 4 |
| 5 | Makhor | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 6 | Indian Hog Deer | 0 | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 2 |
| 7 | Red Panda | 3 | 4 | 0 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 4 | 0 | 7 |
| 8 | Blue Sheep (Bharal) | 1 | 3 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 3 | 0 | 4 |
| 9 | Bengal Tiger | 1 | 2 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 2 |
| 10 | Tibetan Wolf | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| | **Total Mammal** | **13** | **19** | **0** | **32** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **1** | **0** | **0** | **1** | **1** | **0** | **11** | **18** | **0** | **29** |
| | **Total Animal** | **31** | **31** | **0** | **62** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **1** | **0** | **0** | **1** | **2** | **0** | **29** | **29** | **0** | **58** |

Animal under Schedule I and Schedule II of the Wild Life (Protection) Act, 1972

## Part - B
## Inventory Report for the Year : 2022-23

Other than Endargered Species

| S. No. | ANIMAL NAME | OPENING STOCK | | | | BIRTH | | | ACQUISITION | | | DISPOSAL | | | DEATHS | | | CLOSING STOCK | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **M** | **F** | **U** | **T** | **M** | **F** | **U** | **M** | **F** | **U** | **M** | **F** | **U** | **M** | **F** | **U** | **M** | **F** | **U** | **T** |
| 1 | Red Jungle Fowl | 8 | 5 | 0 | 13 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 | 5 | 0 | 13 |
| 2 | Black Kite | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 3 | Rose Ring Parakeet | 8 | 6 | 0 | 14 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 | 6 | 0 | 14 |
| 4 | Hill Partidge | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 5 | Edward Pheasant | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 6 | Golden Pheasant | 5 | 2 | 0 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 4 | 2 | 0 | 6 |
| 7 | Cockatail | 17 | 15 | 0 | 32 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 17 | 15 | 0 | 32 |
| 8 | Sun Conure | 2 | 1 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 1 | 0 | 3 |
| 9 | Love Birds | 14 | 16 | 2 | 32 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 14 | 16 | 2 | 32 |
| 10 | Blue & Yellow Macaw | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 11 | Lady Amherset Pheasant | 6 | 6 | 0 | 12 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 6 | 5 | 0 | 11 |
| 12 | Bridgerigar | 0 | 0 | 6 | 6 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6 | 6 |
| 13 | Asian Barred Owlet | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 14 | Silver Pheasant | 2 | 1 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 1 | 0 | 3 |
| | **Total Birds** | **63** | **53** | **11** | **127** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **1** | **1** | **0** | **62** | **52** | **11** | **125** |
| 1 | Barking Deer (Kakar) | 4 | 3 | 0 | 7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 3 | 0 | 7 |
| 2 | Sambar Deer | 1 | 3 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 3 | 0 | 4 |
| 3 | Spotted Deer (Chital) | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 4 | Goral | 3 | 3 | 0 | 6 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 3 | 0 | 6 |
| | **Total Mammal** | **8** | **10** | **0** | **18** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **8** | **10** | **0** | **18** |
| | **Total Animal** | **71** | **63** | **11** | **145** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **1** | **1** | **0** | **70** | **62** | **11** | **143** |
| | **Grand total** | **102** | **94** | **11** | **207** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **1** | **0** | **0** | **2** | **3** | **0** | **99** | **91** | **11** | **201** |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

## वन्य प्राणियों की मृत्यु दरः–

| S. No. | Animal Name ( with individual identification mark, if any) | Scientific Name | Sex | Date of Death | Reason of Death as per the Post Mortem report |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Lady Amharst Pheasant | *Chrysolophus amherstiae* | F | 23-April-2022 | "Infighting" |
| 2. | Tibetan Wolf | *Canus lupus* | F | 21-Sep-2022 | "Senile atrophy" |
| 3. | Golden Pheasant | *Chrysolophus pictus* | M | 28-Oct-2022 | "Senile atrophy" |
| 4. | Cheer Pheasant | *Catreus wallichii* | F | 23-Dec-2022 | "Senile atrophy" |
| 5. | Leopard | *Panthera pardus* | M | 16-Feb-2023 | "Cardiac Arrest" |

## प्राणी उद्यान में मुक्त विचरण करने वाले वन्य प्राणियों की सूचीः–

A. Monkey, Langur, Yellow throated marten, Himalayan palm civet, Leopard cat etc.
B. House Sparrow, Black-throated Tit, Common Myna, Rock pigeon, Red billed blue magpai, Jay species, Himalayan griffin, Black kite, Steppe eagle, Crow, Kalij Pheasant etc.
C. Common rat snake and various species of lizards.


## नेचर इण्टरप्रिटेशन सेन्टर

जी0बी0 पन्त, उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान में जनसाधारण, शैक्षिक संस्थानों, विद्यालयों इत्यादि में वन्य प्राणियों के प्रति एवं पर्यावरण के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने हेतु नेचर इण्टरप्रिटेशन सेन्टर का निर्माण 12 महत्वपूर्ण उद्‌देश्यों के साथ किया गया।

1- Mother Earth (पृथ्वी माँ)
2- Origin of Earth (पृथ्वी की उत्पति)
3- Solar System (सौर मण्डल)
4- Earth Atmosphere (पृथ्वी का वायुमण्डल)
5- Human Evolution (मानव विकास)
6- Plant Kingdom (पादप जगत)
7- Animal Kingdom (जन्तु जगत)
8- Ecological Succession (पारिस्थितिकी अनुक्रमण)
9- Our Nainital & Altitudinal Zonation (हमारा नैनीताल और एल्टीट्यूड जोनेशन
10- Forest fire & Animal Rescue (वनाग्नि और वन्य प्राणी बचाव कार्यक्रम)
11- Pollution, Climate change and water Conservation (प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और जल संरक्षण)
12- Constitution of India (भारत का संविधान)

## हमारी शक्ति

- श्री धरम सिंह बोनाल
- श्री महेश सिंह बोरा
- श्री खजान चन्द्र मिश्रा
- श्री कुन्दन सिंह
- श्री टस बहादुर
- श्री नवीन मनराल
- श्री अजय श्री
- श्री प्रकाश सिंह रावत
- श्री प्रताप राम
- श्री योगेश कुमार
- श्री दिनेश आर्या
- श्री संदीप कुमार
- श्री कृपाल सिंह
- श्री मनीष बिष्ट
- श्री कमल सिंह बिष्ट
- श्री विक्की साह
- श्री गोविन्द सिंह
- श्रीमती मीना अधिकारी
- श्रीमती भावना दोरियाल
- श्रीमती बिमला देवी
- श्री सचिन कुमार
- श्री मनोज जोशी
- श्री पुष्कर सिंह मेहरा
- श्री राजेन्द्र कुमार जोशी
- श्रीमती विमला बिष्ट
- श्री अमर बहादुर
- श्री आनन्द सिंह
- श्री अनुज काण्डपाल
- श्री विक्रम सिंह महरा
- श्री भरत मासीवाल
- श्री रमेश सिंह
- श्री प्रकाश चन्द्र जोशी
- श्री सूरज
- श्री कमल पलड़िया
- श्री प्रवीण सिंह देवली
- श्री गौरव सिंह बिष्ट
- श्री प्रदीप देवली
- श्री प्रेम राम
- श्री गोविन्द पाण्डेय
- श्री नरेन्द्र सिंह
- श्री रजत अधिकारी
- श्री केशव घर्ती
- श्री ललित मोहन पाण्डे
- श्री पंकज सिंह ढैला




सम्पर्कः–
कार्यालय निदेशक, जी०बी० पन्त, उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान नैनीताल, उत्तराखण्ड –263002
**Phone:- 05942-297927 Website:- www.nainitalzoo.org.in**
**E-mail:– nainitalzoouk@gmail.com**